## खबर संक्षेप

### पगारा मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में निकली बाइक रैली



**परासिया :-** भाजपा के पगारा मंडल अध्यक्ष मनीष सोनू यादव के नेतृत्व में सोमवार को विशाल बाइक रैली निकाली गई । जिसमें बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए । यह रैली ईकलेहरा से होते हुए भाजीपानी , भमोड़ी , चरई , दरबई लोनी, लीखावाड़ी, बेलगांव होते हुए पगारा पहुंची । यहां आम सभा को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष मनीष सोनू यादव और युवा मंडल अध्यक्ष मुकेश साहू ने भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू के पक्ष में वोट मांगा । श्री यादव ने भाजपा के द्वारा किए गए विकास कार्यों का वर्णन किया और विकास के नाम पर वोट करने की बात कही । रैली में मुख्य रूप से भूरा कौरव सहित कई कार्यकर्ता शामिल हुए ।

### हर्रई के मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण

**छिन्दवाड़ा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शीलेन्द्र सिंह ने आज अमरवाड़ा विधानसभा के अंतर्गत विकासखंड हर्रई के मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण किया और मतदाताओं के लिए उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने हर्रई में भ्रमण के दौरान भुमका-बटकाखापा मार्ग और ओझलढाना-चिलक मार्ग पर वाहनों की रैंडम चेकिंग की। साथ ही ग्राम चिलक में ग्रामीणों से चर्चा कर पिछले निर्वाचन और क्षेत्र के संबंध में विभिन्न फीडबैक भी प्राप्त किए। कलेक्टर श्री सिंह ने हर्रई में मतदान केंद्र एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला भवन मोरखा और शासकीय प्राथमिक शाला भवन चिलक के निरीक्षण के दौरान मतदाताओं व मतदान दलों के लिए बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता की जानकारी प्राप्त की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सभी स्कूलों के शौचालय ठीक करवाने के निर्देश अमरवाड़ा एसडीएम और नायब तहसीलदार बटकाखापा को दिए हैं।

## शिकारपुर बंगले में पहुंचा पुलिस बल, आरके मिगलानी को दिया नोटिस

# भाजपा प्रत्याशी की छवि धूमिल करने पर आयोग से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाड़ा

मतदान नजदीक आते ही राजनीतिक दल तरह तरह के हथकंडे अपनाते है और ऐसा एक ही एक शर्मनाक हथकंडा अपनाने का प्रयास पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के पीए आरके मिगलानी एवं एक युवा पत्रकार के द्वारा किया गया। जिसकी विधिवत शिकायत के बाद एफआईआर भी दर्ज की गई है। एडिट किया हुआ भाजपा प्रत्याशी का कथित वीडियो वायरल करने से संबंधित मुद्दा है। जिसमें पत्रकार के मोबाइल को जब्त कर थाने में तलब किया गया है। वहीं कमलनाथ के पीए आरके मिगलानी से पूछताछ करते हुए नोटिस दिया गया है।



भाजपा विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सत्येन्द्र ठाकुर व्दारा क्रमांक 16 छिंदवाड़ा के भाजपा प्रत्याशी बंटी विवेक साहू के कूटरचित एवं फर्जी वीडियों बनाकर लगातार लोकसभा क्रमांक 16 छिंदवाड़ा के भाजपा प्रत्याशी की छवि धूमिल करने निर्वाचन आयोग से शिकायत की । सत्येन्द्र ठाकुर ने शिकायती पत्र में लिखा है कि दिनांक 09/04/2024 की मध्य रात्रि में एक फर्जी वीडियों कॉपी शॉप एवं ए.आई.तकनीक से कूटरचित एवं तकनीक का गलत उपयोग करते हुए छिंदवाड़ा नगर के आदित्यधाम निवासी पत्रकर एवं कमलनाथ के निज सचिव आर.के.मिगलानी के द्वारा विभिन्न न्यूज चैनलों एवं फेसबुक, व्हॉट्सअप पर फर्जी वीडियो लोकसभा क्रमांक-16 छिंदवाड़ा के भाजपा प्रतयाषी विवेक बंटी साहू का चलाया जा रहा है। उक्त वीडियो पूर्णतः तकनीक का गलत उपयोग करते हुए फर्जी बनाया गया है। उक्त विडियो मोबाईल नंबर 7999060961 के माध्यम से लगातार चलाया जा रहा है । उक्त वीडियो के लगातार चलाये जाने से भाजपा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू की छवि धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है।

भाजपा विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सत्येन्द्र ठाकुर द्वारा शिकायत में मांग की गई है कि लोकसभा क्रमांक-16 छिंदवाड़ा के भाजपा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू के विरूद्ध पत्रकार निवासी आदित्यधाम छिंदवाड़ा एवं कमलनाथ के निज सचिव आर.के.मिगलानी के द्वारा विभिन्न न्यूज चैनलों एवं फेसबुक, व्हॉट्सअप पर फर्जी वीडियों प्रसारित करवाने पर कार्यवाही की मांग की है।

## श्री बड़ी माता मंदिर में करेंगे पूजन

# केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह करेंगे रोड शो आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाड़ा

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह 16 अप्रैल मंगलवार को शाम 4 बजे छिंदवाड़ा पहुंचेंगे। श्री शाह 4:30 बजे शाम स्थानीय फव्वारा चौक पहुंचेंगे जहां से रथ पर सवार होकर रोड शो की शुरुआत करेंगे। श्री शाह फव्वारा चौक (अमित स्वीट्स के सामने) से माननीय गृहमंत्री जी रथ पर सवार होकर गल्ला बाजार, कमानिया गेट, गोल गंज, मन्ना महाराज मेन रोड होते हुए नगर शक्ति पीठ श्री बड़ी माता मंदिर छोटी बाजार पहुंचेंगे। जहां केंद्रीय गृह मंत्री माननीय अमित शाह जी नगर शक्ति पीठ श्री बड़ी माता मंदिर पहुंच बड़ी माता जी के दर्शन कर रोड शो का समापन करेंगे। पूर्व मंत्री चौधरी चंद्रभान सिंह ने बताया कि केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह 17 अप्रैल दिन बुधवार को सुबह 8 बजे श्रीराम जन्मोत्सव के अवसर पर ऊंटखाना श्री राम मंदिर में दर्शन कर पूजन करेंगे। पूर्व मंत्री चौधरी चंद्रभान सिंह ने बताया कि माननीय गृहमंत्री जी के छिंदवाड़ा आगमन एवं रोड शो के लिए भाजपा संगठन द्वारा आदिवासी अंचल से पारंपरिक गोंडी शैला नृत्य, क्षेत्रीय वेशभूषा, पुष्पवर्षा की जाएगी एवं सम्पूर्ण मार्ग में दीपावली पर्व जैसी साज सज्जा की जा रही है। चौधरी चंद्रभान सिंह ने बताया कि इस दौरान सम्पूर्ण मार्ग पर विभिन्न सामाजिक संगठन, व्यापारी संगठन, महिला समूहों द्वारा माननीय गृहमंत्री जी का स्वागत-अभिनंदन किया जाएगा। मीडिया के सम्मानीय पत्रकार साथियों के लिए इस दौरान विशेष सुविधा की गई है। पत्रकार एवं फोटोग्राफर साथियों के लिए रोड-शो के दौरान अलग-अलग स्थान सुनिश्चित किए है।

## बानाबाकोड़ा में हुई में वापस नहीं आऊंगा नाटक की प्रस्तुति



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

ग्राम पंचायत बानाबाकोडा में बौद्ध अनुयायियों एवं समता सैनिक दल के द्वारा संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब अंबेडकर का जन्म दिवस विभिन्न कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं के साथ मनाया गया।समता सैनिक दल के द्वारा तथागत बुद्ध डॉ बाबासाहेब अंबेडकर जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए ग्राम में रैली निकालकर जय भीम सलामी दी गई।आयोजन के दौरान बौद्ध अनुयायियों के द्वारा 22 प्रतिज्ञा लेते हुए डॉ बाबासाहेब आंबेडकर द्वारा दिए गए आर्य अष्टांगिक मार्ग एवं पंचशील के मार्ग का पालन करने का संकल्प लिया गया। आयोजन के दौरान रंगोली एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। आयोजन के दौरान महिलाओं के द्वारामैं फिर वापस नहीं आऊंगा नाटक में सुंदर प्रस्तुति देते हुए संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब अंबेडकर की जयंती कैसे मनाना चाहिए इस ज्योति देशभ्रतार शुभांगी बागडे जोतीलाई गजभिये, समता मेश्राम कविता बागडे, निताताई बागडे, पल्लवी सोमकुवर, संघमित्रा गजभिये आदि के द्वारा सुंदर प्रस्तुति देते हुए बार-बार दर्शकों की तालियां बटोरी।कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरन के साथ किया गया।

## बाय हाथ की उंगली को दिखाकर याद दिलाए पहले मतदान फिर सारे काम

**छिंदवाड़ा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शीलेन्द्र सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी (स्वीप) श्री पार्थ जैसवाल के मार्गदर्शन में एवम जन अभियान परिषद जिला समन्वयक अखिलेश जैन एवम शासकीय कला पथक दल के प्रमुख कलाकार नरेंद्र पाल,जन अभियान परिषद के परामर्शदाता समाजसेवी विनोद तिवारी,लता नागले, श्रीमती तृप्ति सिंह, जय प्रकाश सूर्यवंशी, अशीष साहू सहित सभी बीएसडब्ल्यू एमएसडब्ल्यू के स्टूडेंट की उपस्थिति में जिले मे सर्वाधिक मतदान के लिए विविध जन जागरुकता कार्यक्रम रविवार को जन अभियान परिषद के माध्यम बीएसडब्ल्यू एमएसडब्ल्यू की संचालित क्लास आई.पी.एस. कॉलेज छिंदवाड़ा में चलाया गया जिसमे ।मतदाता जागरुकता की शपथ दिलाई गई।इसके साथ ही लोकतंत्र के महापर्व चुनाव में सभी को मतदान आवश्यक है इस विषय पर परिचर्चा का आयोजन भी किया गया।जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन ने सभी युवाओं से आह्वान किया की लोकतंत्र के महापर्व में आप सभी सक्रिय भूमिका का निर्वहन करते हुए दिव्यांग जन एवम बुजुर्ग गण को मतदान करने प्रेरित करे।विनोद तिवारी ने कहा की चुनाव के दिन शादी या अन्य कोई अनिवार्य कार्य हो उससे समय निकाल कर मतदान करने अवश्य पहुंचे ।आप सभी का एक वोट शसक्त राष्ट्र निर्माण में निर्णायक भूमिका अदा कर सकता है।

## जमींदोज होने की कगार पर छिंदा बस स्टैंड का हैंडपंप

### वेकोली प्रबंधन की लापरवाही हो रही उजागर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

पेंच कोयला क्षेत्र के छिंदा बस स्टैंड पर लगा हैंडपंप जमीन दोज होने की कगार पर है । वेकोली प्रबंधन की लापरवाही से यह स्थिति बन रही है । स्थानीय लोगों के लिए पानी की समस्या खड़ी होने की आशंका बन गई है ।गौरतलब है , कि पेंच कोयला प्रबंधन के द्वारा छिंदा में पुनः कोयला उत्पादन का कार्य शुरू किया गया है । कोयले के ऊपर का मटेरियल और मिट्टी आदि निकाले जाने के बाद उन्हें शिवपुरी मुख्य मार्ग पर आसपास डंप किया जा रहा है । डंपिंग के दौरान छिंदा बस स्टैंड पर लगे हैंडपंप को अनदेखा किया गया है और इसके आसपास बड़ी मात्रा में पत्थर और मिट्टी डंप कर दी गई है । जिससे हैंडपंप जमीन के अंदर धसने लगा है । गौरतलब है , कि इस हैंड पंप से बस स्टैंड के आसपास के दुकानदार और रहवासी निस्तार और पीने के लिए पानी भरते हैं , लेकिन प्रबंधन की लापरवाही और अनदेखी के चलते स्थानीय लोगों के लिए पानी की समस्या खड़ी होने की आशंका बन गई है । लोगों का कहना है , कि यदि हैंडपंप बंद हो जाएगा तो उनके लिए आसपास कोई पानी का स्त्रोत नहीं है । देखा जाए तो प्रबंधन के मुख्य अधिकारी केवल शब्दों से ही मानवीय पहलू की बात करते हैं , लेकिन हकीकत कुछ और ही नजर आती है ।

## अखिलेश्वरानंद महाराज का दमुआ नगर में हुआ आगमन



**दमुआ।** श्री महामंडलेश्वर अखलेश्वरानंद जी महाराज गौ रक्षा संवर्धन बोर्ड के अध्यक्ष म.प्र.शासन मे रहे राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त जी का आज दमुआ सेक्टर मे आगमन हुआ जिसमे जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक श्री संजय बामने जी एवं लोकसभा चुनाव मद्देनजर जुन्नारदेव विधानसभा के प्रभारी/ सह प्रभारी उत्तरदायित्व वाले सभी इस बैठक मे उपस्थित थे,जिसमे महामंडलेश्वर जी सभी के साथ बैठक मे कहा की आगामी समय मे त्योहार का पर्व आ रहा है ओर हमे इसे पुरी तरह से हमे अपनी शक्ति लगाने की जरूरत है ओर सभी बूथों मे 100 प्रतिशत मतदान हो इसकी हमे चिंतन करने की आवश्यकता है ओर हमे एक अच्छे उम्मीदवार का चयन कर अपने जिले मे अच्छा नेतृत्व करने वाला उम्मीदवार को हि मतदान करना है जिससे की हमारा जिले का विकास कर सके तथा हमारे जिले मे रोजगार के अवसर प्रदान करे जिसमे मुख्य रूप से ब्लॉक समन्वयक श्री संजय बामने जी ,रामरतन बेलवंशी जी ,अर्चना माहौरे जी,बुनेश बैठे जी आर्या गुप्ता जी,मुकेश यदुवंशी जी,योगिता मस्कोले जी आयुषी मालवीय आदि उपस्थित थे।

## नवथल पिपला के ग्रामीणों ने भारतीय जनता पार्टी की ली सदस्यता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

निरंतर भारतीय जनता पार्टी से युवाओं ग्रामीण एवं महिलाओं के द्वारा सदस्यता लेने का क्रम जारी है सोमवार को जिला पंचायत सदस्य संदीप मोहोड की प्रमुख उपस्थिति में ग्रामीणों ने भाजपा की विधिवत सदस्यता ग्रहण की।इस दौरान भाजपा नेता श्री मोहड़ के द्वारा सभी पार्टी में शामिल हुए कार्यकर्ताओं का भगवा दुपट्टा उड़कर स्वागत सत्कार किया।भाजपा कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम नवथल , पीपला कन्हान , सरखी खापा श्रीमती सत्यफुला धुर्वे, रेखा धुर्वे शितल भलावी, निर्मला सिल्लू,अनिता सिल्लू सुनीता सलामे,रानी कोकडे, कलावती वरखडे, मांगों भाई वरखडे, जिरो वरखडे, आकाश किरनाहाके, रमेश इवनाती, प्रदीप यादव,बिट्टी यादव राधेश्याम गुवे , निलेश धुर्वे अरूण सरिराम, सुनील धुर्वे, दिवेदास धुर्वे कार्यकर्त्ता ने भाजपा परिवार में शामिल होकर सदस्यता ग्रहण की है।

## 9 दिवसीय चुनरी यात्रा का हुआ भव्य स्वागत

### राघादेवी बिछुआ से छठवे दिवस चौरई के भारत माता चौक में हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



आज नो दिवसी चुनरी यात्रा का 6वा दिवस है उसी के उपलक्ष में श्री संदीप रगुवंशी द्वारा चुनरी यात्रा लेके चौरई नगर में पहुंचे नगर भ्रमण में भक्तो द्वारा चुनरी यात्रा का जगह जगह स्वागत किया इस अवसर पर पूर्व विधायक चौधरी गंभीर सिंह,अनिल राय,संजय सुकातं,जितेन्द्र निवारे,ने भारत माता चौक पर स्वागत किया जिसमे मुख्य रूप मे सिरपत नायक, एड वीरेन्द्र दुबे ,संजय बर्मा,गजेंद्र राय, यश रघुवंशी,अर्जुन रघुवंशी,संजय सुकांत, आनंद भारद्वाज,मनोज भार्गव,संजू ठाकुर,जितेंद्र बब्बी चौरे,नीलू निर्मलकरजी,विस्सु पटेल,बेनी रघुवंशी,केशव तिवारी,इन्द्रभूषण पटेल बबलू पटेल परसौली, गोपाल रघुवंशी,पी एस मसराम, चंद्रभान सोनी, श्यामराव पोरगड़े, राजीव सोनी, चंदू खंडेलवाल, रामप्रसाद सोनी, दीपक वर्मा, मदन राय, सोनू खंडेलवाल, रामकिशोर खंडेलवाल, भावेश खंडेलवाल, नेतराम सोनी, भाग्यवान तिवारी, शारदा प्रसाद तिवारी, यश रघुवंशी, गोविदं दन्तालेजी,चन्दभान सोनीजी,गोलू पटेल, चेतन पटेल, सकील रघुवंशी दिनेश पटेल ,राजवंश ठाकुर समेत नगरवासी मौजूद रहे*

*चुनरी यात्रा का विश्राम आज चौरई नगर के माता मंदिर में महाआरती के पश्चात हुआ* सोमवार सुबह चौरई से पुनः यात्रा प्रारम्भ होगी और आगामी गांव में भ्रमण करके मंगलवार को कपूर्धा षष्ठी माता मंदिर में समापन होगा आप सभी अधिक से अधिक संख्या में श्री संदीप रघुवंशी ने दिपा सादर आमंत्रण-15अप्रेल सोमवार को 9 दिवसीय₹चुनरी पदयात्रा₹-2024 (चौरई,गुरैय्या, थावरी,कुण्डा माता मंदिर तक) ₹नवरात्रि₹के सप्तम दिवस मे आप सपरिवार सादर आमंत्रित है।निवेदक-संदीप रघुवंशी मित्रमंडल (चुनरी यात्रा समिति) प्रथम दिवस राघादेवी मे पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र भक्ते मारूति कोचे जाम्बुलकरजी उपस्थित थे।

# 11 हज़ार किलो लाहन बरामद, 95 लीटर शराब भी जप्त

### सात प्रकरण दर्ज, आबकारी विभाग की सख्त कार्यवाही



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

आबकारी विभाग ने सौंसर में कार्यवाही कर सात मामले दर्ज कर लाखों की लाहन और शराब जप्त की। बागोडा ढाना के जंगल में कार्यवाही कर दो प्रकरणों में पाँच हजार किलो लाहन और चालीस लीटर हाथ भट्टी शराब बरामद की। वहीं ग्राम नवथल के नाले किनारे कार्यवाही कर तीन हजार किलो लाहन और तीस लीटर हाथ भट्टी शराब जप्त कर दो प्रकरण दर्ज किए गए। बड़गाबौड़ी में भी दो अड्डों से आठ हज़ार किलो लाहन और पच्चीस लीटर कच्ची शराब जप्त की गई। ग्राम रजाड़ी पीपला में भी एक प्रकरण में छह पाव प्लेन और तीन पाव प्लेन जप्त कर मामला दर्ज किया गया। इस संयुक्त कार्यवाही के दौरान एडीईओ जीएल मरावी, एसआई अर्चना घोरमारे, आकाश मेश्राम और जीत सिंह धुर्वे और नरेंद्र नागेश सहित अन्य आबकारी कर्मी उपस्थित थे।

## रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

**दमुआ।** शासकीय महाविद्यालय दमुआ में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन महाविद्यालय प्राचार्य रश्मि दास के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। “रक्तदान महादान “ के बैनर तले महाविद्यालयीन स्टाफ, महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थी एवं भूतपूर्व छात्र छात्राओं द्वारा रक्तदान किया गया ।जिला चिकित्सालय छिन्दवाड़ा से आए डॉ.आशीष श्रीवास्त० ने विद्यार्थियों को रक्तदान के फ़ायदे भी बताए , परामर्शदाता श्री अविकान्त बेले ने बताया कि रक्तदान से अधिक पुण्य का काम कोई और नहीं इससे ज़रूरतमंदों की जान बचायी जा सकती है।



## मतदान तारीख के नजदीक प्रचार प्रसार के औचित्य पर उठे सवाल

# मतदाता जागरूकता दीवार लेखन बैनर पोस्टर लगाने में बरती जा रही है कोताही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया







लोकसभा चुनाव के पहले चरण में छिंदवाड़ा लोकसभा का मतदान 19 अप्रैल को होना है। जिसकी तैयारी चुनाव आयोग ने पूरी कर ली है। और मतदान तय तिथि पर ही होगा। लेकिन मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा जनहित में प्रचार प्रसार हेतु दीवारों पर लेखन एवं बैनर मतदाताओं को मतदान हेतु जागरूक करने निर्वाचन आयोग के सख्त निर्देश हैं। कि मतदाताओं को ज्यादा से ज्यादा मतदान के लिए प्रेरित किया जाए। लेकिन तामिया में ऐसे प्रयास मतदान हेतु कम ही देखने मिले। मतदाता जागरूक रैली भी कहने को तो निकली गई लेकिन, प्रचार की जगह रस्म अदायगी तक ही सीमित रहीं,। यही हाल लोकसभा निर्वाचन 24 के लिए दीवार लेखन किया तो जा रहा है। लेकिन वह मतदान के एकदम नजदीक दिनों में किया जाना। निर्वाचन आयोग के प्रचार प्रसार के ज्यादा से ज्यादा मतदान के उद्देश्य को पूरा करता नजर नहीं आ रहा है। और वह भी खानापूर्ति तक सीमित है। उसके नजारे आज तामिया जनपद पंचायत के आसपास मतदान से संबंधित बैनर लगाए तो गए । समझा जा सकता है, कि इसका प्रचार प्रसार कितना हुआ होगा। और निर्वाचन आयोग का जो उद्देश्य है वह कितना पूरा होगा। यह आज तामिया में देखने मिला। जब तामिया में आज शुरुआत हुई है तो पूरे 56 पंचायैतो में कैसे और कितने दिनों में यह बैनर पोस्टर लगाए जाएंगे। जब बैनर लगाए जाने वाले लोगों से पूछा गया तो उन्होंने बतलाया कि हम भोपाल से आए हैं। और हम को जो आदेश मिला है। उसके तहत हम बैनर पोस्टर लग रहे हैं। इस तरह मुख्य निर्वाचन आयोग अधिकारी द्वारा जनहित में किया जाने वाला प्रचार कितना जनहित के लिए कारगर साबित हुआ। वह आज चुनाव प्रचार के दो दिन पूर्व दीवार पर लेखन एवं बैनर लगाने से सिद्ध हो गया । कि यह केवल रस्म आदायगी से आगे, कुछ नहीं है। केवल लोकसभा के मतदाता जागरूकता प्रयास के नाम पर केवल निर्वाचन आयोग की राशि इन पर खर्च करने के अलावा कोई उद्देश्य पूर्ति नहीं कर पाया।

### भगवान श्री राम के 56 भोग और महाआरती रामनवमी पर मौनी बाबा का विशेष आगमन

# सिंगोड़ी के श्री राम मंदिर में होगा भव्य श्री रामजन्म महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी



सिंगोड़ी के हृदय स्थल श्री राम मंदिर जी में दिनांक 17 अप्रैल बुधवार को प्रातः काल 10 बजे से छिंदवाड़ा जिले के सुप्रसिद्ध कलाकारों के द्वारा सुंदर श्री राम भजन कार्यक्रम होंगे, साथ ही भगवान को छप्पन भोग लगाकर महा आरती एवं महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा, तत संबंध में जानकारी देते हुए श्री मानस सेवा सत्संग समिति के अध्यक्ष पप्पू राव सोनी, उपाध्यक्ष संतोष कंच ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री राम मंदिर की सुंदर एवं आकर्षक साज सज्जा की जा रही है,गर्भ गृह में स्थित श्री राम दरबार को अत्यंत ही मनमोहक एवं कलाकृतियों से पूर्ण किया जा रहा है। रामनवमी के शुभ अवसर पर श्री राम दरबार के लिए सुंदर वेशभूषा तैयार की गई है जिसकी शोभा देखते ही बन रही है, चांदी के सुंदर मुकुट भगवान श्री राम एवं दरबार पर अभी से शोभायमान हो रहे हैं, दोपहर 12 बजे मनाए जाने वाले भगवान श्री राम के जन्मोत्सव को लेकर समिति के द्वारा संपूर्ण तैयारी कर दी गई है आम जनमानस के साथ मातृशक्ति महिलाओं के बैठने की अलग से व्यवस्था की गई है साथ ही विशेष तैयारी में प्रत्येक को आरती करने का शुभ अवसर प्रदान हो इसकी व्यवस्था श्री मानस सेवा सत्संग समिति के सदस्यों के द्वारा की जा रही है, समिति ने सभी आगंतुक धर्म प्रेमी बंधुओ से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में श्री राम जन्मोत्सव में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ अर्जित करें।।। रामनवमी पर श्री मौनी बाबा का आगमन ।। श्री मानस सेवा सत्संग समिति सिंगोड़ी अध्यक्ष पप्पू राव सोनी द्वारा बताया गया कि प्रातः काल श्री राम जन्मोत्सव के समय प्रातः स्मरणीय पूज्य पाद संत मौनी जी महाराज (सुदामाचार्य फलाहारी,मौनव्रति )का आगमन सिंगोड़ी के श्री राम मंदिर जी में होने जा रहा है, उनके ही सानिध्य एवं मार्गदर्शन में श्री राम जन्म महोत्सव मनाया जाएगा।

### रविवार को हुई जोरदार बारिश



**सिंगोड़ी।** सिंगोड़ी सहित आसपास के कई हिस्सों में रविवार से जोरदार बारिश हो रही है। जहां एक ओर गर्मी से राहत मिली वही दूसरी और कृषि कार्य प्रभावित हो रहे है।रविवार रात करीब आठ बजे से तेज गरज और तेज हवा के साथ करीब डेढ़ घंटे से ज्यादा समय तक बारिश हुई। वही सोमवार को भी दोपहर बाद पुनः हुई गरज के साथ बारिश ने लोगो को उमस भरे मौसम राहत दी है। गौरतलब है मौसम विभाग के अनुसार अगामी 17 अप्रैल तक जिले के कई हिस्सों में तेज गरज आंधी दुफान के साथ बारिश होने की संभावना बताई गई है।

## जामा मस्जिद कमेटी ने आयोजित किया ईद मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

जामा मस्जिद कमेटी जुन्नारदेव के तत्वाधान में ईद मिलन समारोह का आयोजन 14 अप्रैल दिन रविवार ईदगाह परिसर में आयोजित किया गया। जिसमें क्षेत्र के जनप्रतिनिधि विधायक महोदय नगर पालिका अध्यक्ष पार्षद गण गणमान्य नागरिक एवं पत्रकार उपस्थित थे। कौमी एकता एवं आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने के लिए ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्रीय विधायक सुनील उइके ने अपने उद्बोधन में कहा कि ईद का त्यौहार सुख शांति अमन चैन का पैगाम देता है।

आगे उन्होंने कहा कि जामा मस्जिद द्वारा आयोजित ईद मिलन समारोह हमारी गंगा जमुना तहज़ीब का अच्छा उदाहरण है। ऐसे मौके पर हम एक दूसरे के करीब आते हैं। जिससे हमारे समाज में आपसी भाईचारे को बढ़ावा मिलता है। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे ने कहा कि इंसानियत से बड़ा कोई रिश्ता नहीं होता। धर्म जाति से हटकर प्रेम शांति सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए ईद का त्यौहार आता है। ईद मिलन समारोह के इस अवसर पर मैं सभी को हार्दिक शुभकामनाएं एवं ईद की मुबारकबाद पेश करता हूं। समारोह में कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा पूर्व पार्षद रमेश साहू, पार्षद अरुणेश जैसवाल, पार्षद सावित्री दुर्गे, पार्षद गीता बाईकर पार्षद प्रमोद बन्देवार पार्षद अमित यादव पार्षद राजेन्द्र सूर्यवंशी,अधिवक्ता दिलिप श्रीवास्तव भाजपा- अल्पसंखयक अध्यक्ष सद्दाम खान,वासिम खान,शरद कुरोलिया,नवीद सिद्दीकी ने अपने अपने विचार व्यक्त करते ईद की मुबारकबाद देते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की। आभार प्रदर्शन जामा मस्जिद सदर गौहर जमाल शाह ने किया एवं मंच संचालन मोहम्मद ताहिर ने किया।

# संविधान के दुरुपयोग को रोकने हेतु मौन धरना प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

सामाजिक कार्यकर्ता भगवानदीन साहू के नेतृत्व में बहुत से धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों ने 14 अप्रैल को संविधान निर्माता बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के जन्मदिन पर उनकी प्रतिमा के समक्ष माल्यार्पण कर मौन धरना प्रदर्शन कर संविधान के दुरुपयोग रोकने की राष्ट्रपति जी , केंद्रीय गृह मंत्री और न्यायव्यवस्था से जुड़े लोगों के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर प्रार्थना की- ज्ञापन में बताया कि बाबा साहब अम्बेडकर जी द्वारा निर्मित संविधान का उसके पालन करवाने वाले लोगों द्वारा जानबूझकर घोर दुरुपयोग किया जा रहा है। संविधान में एक पॉक्सो एक्ट है जो बाल उत्पीड़न रोकने के लिए बनाया गया है । इस एक्ट का सर्वप्रथम नियम यह है कि जिस भी व्यक्ति पर पॉक्सो एक्ट में प्रकरण दर्ज होता है ; सबसे पहले उसकी गिरफ्तारी होती है ! बाद में जांच शुरू होती हैं । पर देश की कुछ राज्य सरकारों की पुलिस अपने-अपने मनमाने ढंग से इस एक्ट का उपयोग कर रहीं हैं । सबसे पहले इस एक्ट पर सनातन संस्कृति के रक्षक निर्दोष संत श्री आशारामजी बापू पर षडयंत्रपूर्वक प्रकरण दर्ज किया गया । नियमानुसार प्रकरण दर्ज होते ही तुरंत उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया फिर उसके बाद जांच शुरू की गई जो कि औपचारिकता मात्र थी। वहीं राजनीतिक पार्टियों से जुड़े लोग जिसमें पहलवान ब्रजभूषण सिंह , कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री येदियुरप्पा , इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से जुड़े दीपक चौरसिया जैसे अनगिनत नाम हैं जिन पर भी पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत प्रकरण दर्ज हुआ पर आज तक इनकी गिरफ्तारी नहीं की गई । ज्ञापन देते समय साध्वी नीलू बहन आधुनिक चिंतक हरशूल रघुवंशी , शिक्षाविद विशाल चवुत्रे , राष्ट्रीय बजरंग दल के नितेश साहू , कुनबी समाज के युवा नेता अंकित ठाकरे , कलार समाज के सुजीत सूर्यवंशी , साहू समाज के ओमप्रकाश साहू , युवा सेवा संघ के नितिन डोईफोड़े , ओमप्रकाश डहेरिया , अश्विन पटेल , सुभाष इंग्ले ,आई तो शेल के प्रभारी भूपेश पहाड़े आदि मौजूद थे।

## समरसता दिवस का कार्यक्रम हुआ संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

अधिवक्ता परिषद जिला इकाई छिंदवाड़ा के द्वारा अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में समरसता दिवस का कार्यक्रम संपन्न किया गया । समरसता दिवस के उपलक्ष में अधिवक्ता परिषद के द्वारा दिव्यांग महिलाओं का सम्मान किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिवक्ता परिषद जिला इकाई छिंदवाड़ा जिला अध्यक्ष श्री दिलीप धारा के द्वारा की गई तथा मुख्य अतिथि के रूप में सुश्री आराधना शुक्ला तथा विशेष अतिथि के रूप में वरिष्ठ अधिवक्ता श्री भजनलाल जी चोपड़े , श्रीमती संगीता डेहरिया तथा योग शिक्षिका श्रीमती अर्पिता शुक्ला तथा प्रांत कार्यकारिणी सदस्य श्री अजय पालीवाल उपस्थित रहे महिला प्रमुख श्रीमती ममता नामदेव महिला उपाध्यक्ष सुश्री मीरा राय तथा महिला सचिव श्रीमती दीप्ति नाग के द्वारा कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था की गई अधिवक्ता परिषद के कार्यकर्ता एवं सदस्य बड़ी संख्या में कार्यक्रम में उपस्थित रहे ।

## टेकापार के ग्रामीणों ने लिया मतदान करने का संकल्प

### आदीवासी बाहुल ग्राम मझियापार के ग्रामीणों को मतदान करने दिलाया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



आगामी होने वाले लोकसभा चुनाव 2024 मे आमजनो को अधिक से अधिक मतदान करने व मतदान हमारा अधिकार के प्रति जागरूकता लाने के उद्वैश्य से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था मानव जल कल्याण सेवा समिति विकास खंड बिछुआ के द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशन एवं स्वीप नोडल अधिकारी एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पार्थ जैसवाल एवं जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन एवं विकास खंड समन्वयक दीपक गेडाम के मार्ग दर्शन मे बिछुआ विकास खंड के आदीवासी बाहुल वन ग्राम मझियापार मे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर परामर्शदाता श्यामल राव ने उपस्थित ग्रामीणो को लोकतंत्र मे मतदान करने के महत्व को समझाते हुए कहा की आपका एक मत भी आपके चाहने वाले योग्य प्रत्यासी का परिणाम बदल सकते है । वही आपका एक एक मत चाहे प्रत्याशी के बटन का हो या नोटा के बटन का हो वह लोकतंत्र की निर्वाचन प्रणाली को मजबूत बनाता हे .हमे स्वच्छंद सरकार को बनाने के लिए हर मतदाता आगामी 19 अप्रेल को होने वाले लोक सभा चुनाव मे बिना लोभ.लालच.भय के अपने मत का प्रयोग कर दूसरो को भी अपना मत देने के लिए प्रेरित करने की अपील उपस्थित युवाओं से करते हुए मतदान करने का संकल्प दिलाया वही पोलिंग बूथ पर उपयोग की जाने वाली ई वी एम मशीन का प्रयोग किस तरह से की जाना हे उक्त प्रक्रिया से ग्रामीणों को पोस्टर के माध्यम से अवगत कराया । सचिव मनोज जैन ने उपस्थित जनो से कहा की हर मतदाताओं को यह अवगत कराये की .यदि मतदाता के पास अपनी वोटर आई डी समय पर उपलब्ध न होने की स्थिति मे 12 वैकल्पिक फोटो पहचान पत्रो मे कोई एक लेकर मतदाता मतदान कर सकते है।

## आचार संहिता का उल्लंघन : सरकारी संपत्ति में लगाए गए पोस्टर और झंडे

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



चुनाव में वोट हासिल करने के लिए राजनीतिक दल व उम्मीदवार अनैतिक तरीके न अपनाये, इसके लिए चुनाव आयोग ने राजनीतिक पार्टियों तथा प्रत्याशियों को आचार संहिता का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए हैं. बावजूद इसके कटंगी में राष्ट्रीय पार्टी भाजपा आचार संहिता का उल्लंघन करने में कोई संकोच नहीं कर रही है. मामला सरकारी ईमारत और संपत्ति में बिना सक्षम अधिकारी के अनुमति से झंडे और पोस्टर लगाने से जुड़ा हुआ है. नगर के वार्ड क्रमांक 08 में बिजली के खंभों में झंडे बांधे गए है और शहर के बस स्टैंड में नगर परिषद के शॉपिंग काम्प्लेक्स में बैनर लटकाया गया है. विद्युत विभाग सहायक यंत्री राजीव रंजन ने बताया कि विभाग से कोई अनुमति नहीं ली गई. बिना अनुमति झंडे लगाए गए है तो दिखाया जाएगा. वहीं मुख्य नगर पालिका अधिकारी से जब इस संबंध में चर्चा करने के लिए उनसे दूरभाष पर संपर्क किया तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

निर्वाचन आयोग ने आचार संहिता लागू करने के बाद साफ कर दिया था कि सरकारी ऑफिस या संपत्तियों पर राजनीतिक पार्टियां अपने झंडे-पोस्टर या बैनर नहीं लगा सकती हैं. चुनाव के दौरान राजनीतिक विज्ञापन के लिए रेलवे स्टेशन, सरकारी अस्पताल, पोस्ट ऑफिस, बस स्टैंड, एयरपोर्ट, पुल, रेलवे फ्लाईओवर, रोड, सरकारी बस, सरकारी भवन व परिसर, सिविल संरचना, बिजली और टेलीफोन के खंभे आदि का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा. मगर, इन निर्देशों का कटंगी में पालन नहीं हो रहा है. आचार संहिता के निर्देशों का सरेआम उल्लंघन हो रहा है और जिम्मेदार अधिकारी मूकदर्शक बने हुए है. 19 अप्रैल को बालाघाट जिले में लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी के लिए मतदान होना है. जैसे-जैसे मतदान की तारीख नजदीक आती जा रही है. वैसे-वैसे अधिकारी आचार संहिता का कड़ाई में पालन कराने की बजाए नरमी बरत रहे है. अधिकारियों का मुखबिर तंत्र उन्हें आचार संहिता उल्लंघन की जानकारी तक नहीं दे रहा है. जिस कारण राजनीतिक दल के प्रत्याशी और उनके समर्थक आचार संहिता का उल्लंघन कर रहे है।

### अधिकारियों और कर्मचारियों की पहल

## 15 किमी. की बाइक रैली निकालकर मतदाताओं को किया जागरूक




**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** कटंगी में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मतदाता जागरूकता अभियान के तहत स्वीप बाइक रैली का आयोजन हुआ. कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देश और एसडीएम सहायक रिटर्निंग अधिकारी मधुवंत राव धुर्वे के मार्गदर्शन में 15 किमी. की बाइक रैली निकाली गई. रैली की शुरूआत जनपद पंचायत कटंगी परिसर से हुई और तिरोड़ी के बाजार में रैली ने विराम लिया. इस दौरान उन्होंने शत-प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया गया. बाइक रैली में एसडीओपी माणिक मणि कुमावत, सीईओ दीपक कर्पे, थाना प्रभारी गहलोद सेमलिया, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी विनोद वट्टी, एनआरएलएम ब्लॉक प्रबंधक प्रतिमा सोनी. शासकीय महाविद्यालय तिरोड़ी के प्रभारी प्राचार्य, म.प्र.जन अभियान परिषद के पदाधिकारी और पंचायत के सचिव मौजूद रहे. रैली ग्राम पंचायत खजरी, कटेधरा, बोथवा से होते तिरोड़ी बाजार में जागरूकता कार्यक्रम संपन्न करने के बाद तिरोड़ी के दुर्गा ग्राउंड में मानव श्रंखला के रुप में तब्दील हुआ। जनपद पंचायत कटंगी परिसर में रैली की शुरुआत से पहले मतदाता जागरूकता की प्रतिज्ञा दिलाई. एसडीओपी ने कहा कि सशक्त लोकतंत्र की पहचान हर मतदाता करे मतदान इसी मंशा के साथ रैली निकाली गई थी. एसडीओपी ने मतदाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अपने एक-एक मत से लोकतंत्र सशक्त होगा. उन्होंने सभी पात्र व्यक्तियों से अपने मताधिकार का उपयोग करने की अपील की. इस अवसर पर अधिकारियों-कर्मचारियों समेत क्षेत्र के मतदाताओं को लोकसभा निर्वाचन सहित अन्य निर्वाचनों में अपने मताधिकार का अनिवार्य रूप से उपयोग करने की शपथ दिलाई।

### आंबेडकर के दिखाई मार्ग पर चले बिना विकास संभव नहीं

## रमाबाई बौद्ध विहार में मनाई गई अंबेडकर जयंती



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** संविधान के शिल्पकार महामानव बोधिसत्व डॉक्टर भीमराव रामजी अंबेडकर का 133 वॉ जन्मोत्सव उनके अनुयायियों द्वारा बड़े ही हर्ष एवं उल्लास के साथ धूमधाम से वारासिवनी नगर के रमाबाई बुद्ध विहार में मनाया गया। जिसमें सर्वप्रथम बाबा साहब की आदमकद प्रतिमा के समक्ष मोमबत्ती, अगरबत्ती प्रज्जवलित कर प्रतिमा पर गुनाराम डोंगरे द्वारा माल्यार्पण किया गया। उसके बाद श्री डोंगरे द्वारा प्रतिमा के सामने नीला ध्वज का ध्वजारोहण किया गया एवं जय भीम के नारों से सारा परिसर गूंज उठा। तत्पश्चात बुद्ध विहार में बुद्ध प्रतिमाओं के समक्ष मोमबत्ती, अगरबत्ती प्रज्जवलित कर सभी लोगों द्वारा पुष्प एवं पुष्प मालाओं से प्रतिमाओं का स्वागत सत्कार किया गया। उसके बाद बाबा साहब की 133 वीं जयंती के उपलक्ष में केक काटकर खुशियां मनाई गई एवं सभी को बधाई देते हुए सभी के उज्जवल भविष्य की मंगल कामना दी गयी।

इस मौके पर वक्ताओं द्वारा बाबा साहब की जीवन चरित्र, व्यक्तित्व, कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उनके सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक, धार्मिक और देश हित के कार्यों पर अच्छी खासी जानकारी दी गई। वक्ताओं ने बताया कि बाबा साहब ने हमारे लिए जो मार्ग बताया हैं, उसका अनुसरण किए बगैर हमारा विकास नहीं हो सकता। हमें इधर-उधर भटकने की आवश्यकता नहीं हैं। हमें शील, सदाचार और बुद्धिस्म को दिल से अपनाना चाहिए। संविधान की बदौलत हमें न्याय मिला हैं। संविधान की बदौलत हमारा अस्तित्व हैं। इसे हर हाल में बचाए रखना होगा। संविधान सर्वोपरि है, बाबा साहब के मूल मंत्र शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो को याद रखते हुए समाज हित में कार्य करना है।

### जिपं सदस्य की शिकायत पर जांच करने पहुंचे कार्यपालन यंत्री

# पानी टंकी निर्माण में जमकर बरती जा रही अनियमितता

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** जल जीवन मिशन के तहत लांजी तहसील अंतर्गत पाथरगांव, भीमोडी, सिहारी, चिखली, चिचोली, चिचेवाड़ा, बोरीखुर्द, बोरिकला, इटोरा में पानी टंकी निर्माण के साथ-साथ पाईप लाइन विस्तार का कार्य भी किया जाना है। परंतु कार्य निर्माण की शुरूआत में ही ठेकेदार की कार्यप्रणाली और गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे है। ग्राम पाथरगांव में पानी टंकी का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है लेकिन उसकी तराई ठीक तरह से नहीं की जा रही है। वहीं क्षेत्र के जनपद सदस्य ने भी गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य को लेकर ठेकेदार को जिम्मेदार माना है। वहीं जनपद क्षेत्र लांजी के ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहे सरकारी निर्माण कार्यों को लेकर लगातार सवाल उठ रहे है। ठेकेदारों की लापरवाही के कारण गुणवत्तापूर्ण काम नहीं हो पा रहे हैं ऐसे में विकास कार्यों का भविष्य क्या होगा इसका अंदाजर लगाना ज्यादा कठिन नहीं है। जनपद सदस्य एवं ग्राम के सरपंच ने बताया की हमारे ग्राम में विगत कई वर्षों से पानी की समस्या बनी हुई थी जिसे हमने रात दिन एक करके नलजल योजना के तहत पानी टंकी एवं पाईप लाईन विस्तार के कार्य को स्वीकृत कराया परंतु विभाग द्वारा महाराष्ट्र के गोंदिया जिले के ठेकेदार टीबीएस इंफास्ट्रक्चर कंपनी को जो ठेका दिया है वह अपनी दंबगई दिखाते हुए हमे कार्य स्थल पर आने से मना करता है और गुणवत्ताहीन कार्य का विरोध करने पर विवाद और पुलिस बुलाने की धमकी देता है जो उचित नहीं है।

**सात गांवों में बनना है पानी टंकी:** लांजी जनपद के ग्राम पाथरगांव में बन रही पानी टंकी पूरी तरह से भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गयी है। क्षेत्र के जनपद सदस्य ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठाए है। जल जीवन मिशन के तहत लाखों रुपयों की लगात से पानी की टंकी बनाई जा रही है। टंकी लगभग पूर्णता की ओर पहुंच गई है लेकिन इसे बनाने के लिये ठेकेदार ने जो बालू उपयोग में लाई है वह मिट्टी युक्त है। वहीं ठेकेदार लगभग 10 ग्रामों में 7 पानी टंकी का निर्माण करना है जिसमें अभी तक 3 पानी टंकियों का निर्माण भिमोड़ी, सिहारी, ओर पाथरगांव में पूर्ण हुआ है। परंतु इन तीनो ही पानी टंकियों के निर्माण में गुणवत्ता का कितना ध्यान रखा गया है इसका भगवान ही मालिक है।



**शिकायत के बाद भी नहीं होती कार्यवाही:** पाथरगांव में पानी टंकी निर्माण की जांच करने पहुंचे पीएचई विभाग के अधिकारियों के समक्ष जनपद सदस्य युवराज पटले ने ठेकेदार के कर्मचारियों के विरूद्ध जमकर मोर्चा खोला और पीएचई विभाग में पदस्थ एसडीओ श्री बागेश्वर के खिलाफ भी मुखर हुए। उन्होने कहा ग्राम पाथरगांव में जब से पानी टंकी का निर्माण किया जा रहा है तब से लेकर आज दिनांक तक एसडीओर श्री बागेश्वर को मौखिक एवं दूरभाष पर अनेकों बार शिकायतें की गई परंतु इनके द्वारा ठेकेदार को संरक्षण देते हुए शिकायतों पर ध्यान नहीं दिया गया जिसका खामियाजा ग्राम के लोगों को भविष्य में भुगतना पड़ेगा। श्री पटले ने कहा की ठेकेदार द्वारा पानी टंकी के निर्माण में जिस तरह का घटिया मटेरियल उपयोग किया है उसका भगवान ही मालिक है।

### इनका कहना है

हमे लगातार पानी टंकी निर्माण में अनियमितता की शिकायत मिल रही थी जिसके बाद आज हम यहां जांच में पहुंचे है। जिसमें पाया गया की ठेकेदार द्वारा घटिया स्तर की रेत इस्तेमाल की जा रही है जिसे तुरंत ही फोन पर बदलने के लिये कहा गया है। साथ ही श्रमिकों को सेफ्टी बेल्ट पहनकर ही कार्य करने की हिदायत दी गई जिससे भविष्य में किसी प्रकार का कोई हादसा या घटना न घटित हो। आदेश न मानने की स्थिति ठेकेदार के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी।

**बी.एल. उईके, कार्यपालन यंत्री**

## रामपायली पुलिस ने 21 हजार रुपये कीमत के 54 लीटर शराब जप्त की आरोपी भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



पुलिस अधीक्षक बालाघाट समीर सौरभ के निर्देशन में लोकसभा चुनाव 2024 के परिपेक्ष्य में अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय डाबर, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस वारासिवनी अभिषेक चौधरी के मार्गदर्शन में रामपायली थाना प्रभारी चंद्रजीत यादव एवं पुलिस बल द्वारा दिनांक 13 अप्रैल 24 को ग्राम मोहगांव छतरपुरटोला में एक व्यक्ति को अवैध रुप से शराब ले जाते हुए गिरफ्तार किया गया हैं।

जानकारी अनुसार रामपायली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम मोहगॉव छतरपुरटोला निवासी दशेन्द्र पिता स्वर्गीय भेजन लाल जैतवार उम्र 37 साल कार्टून में भर कर शराब ले जा रहा हैं। जिस पर थाना प्रभारी चन्द्रजीत यादव के नेतृत्व में पुलिस ने छापामार कार्यवाही कर दशेन्द्र को पकड़ा और उसके पास से खाकी कलर के 6 कार्टून बरामद किए। इन कार्टूनों में 180 एम एल सफेद प्लेन देशी मंदिरा शराब की बोतले रखी हुई थी। प्रत्येक कार्टून में 50-50 बोतले थी, इस प्रकार 6 कार्टूनों में कुल 300 बोतले थी, जिनकी कुल कीमत 21000 रुपये ऑकी गई।

इस मामले में थाना रामपायली में अपराध क्रमांक 161/24 धारा 34(2) आबकारी एक्ट, 34 ताहि अधिनियम का पंजीबद्ध किया गया है। गिरफ्तार शुदा आरोपी को न्यायालय वारासिवनी में पेश कर जेल निरुद्ध किया गया हैं। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी रामपायली निरीक्षक चन्द्रजीत यादव, उपनिरीक्षक प्रीतकुमार पांडे, सहायक उपनिरीक्षक राजीव जाचक, प्रधन आरक्षक विवेक ठाकरे, आरक्षक आलोक बिसेन, आरक्षक राकेश लोधी का सराहनीय योगदान रहा हैं।

# 12 साल बाद गुरु आदित्य योग में मनेगा भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव



**चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि पर 17 अप्रैल को 12 साल बाद गुरु आदित्य योग में रामनवमी मनाई जाएगी। मध्याह्नकाल में दोपहर 12 बजे भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनेगा। शंख, घंटे घड़ियाल की मंगल ध्वनि के साथ जन्म आरती होगी। भक्तों को महाप्रसादी का वितरण होगा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

ज्योतिषाचार्य के अनुसार 17 अप्रैल को बुधवार के दिन अश्लेषा नक्षत्र, शूल योग, कोलव करण व कर्क राशि के चंद्रमा की साक्षी में राम जन्म का पर्व मनाया जाएगा। ग्रह गोचर की गणना से देखें तो इस बार गुरु आदित्य के संयोग में रामनवमी का त्यौहार आ रहा है।

रामनवमी के दिन गुरु व सूर्य एक साथ मेष राशि में रहेंगे। सूर्य व गुरु का एक साथ एक राशि में मौजूद होना गुरु आदित्य योग का निर्माण करता है। सूर्य मेष राशि में उच्च के माने जाते हैं और गुरु समकारक मित्र है। इस दृष्टि से इस योग में किया गया धार्मिक कार्य चिरकाल तक समृद्धि का कारण बनता है।

### 12 वर्ष में बनता है एक बार संयोग

ज्योतिष शास्त्र में ग्रहों के राशि परिवर्तन की स्थिति अलग-अलग प्रकार से होती है। कुछ ग्रह 30 से 40 दिन में राशि परिवर्तन करते हैं। शनि ढाई वर्ष में तथा बृहस्पति का राशि परिवर्तन एक वर्ष में होता है। वर्तमान ग्रह गोचर की गणना से देखें तो इस बार रामनवमी पर बृहस्पति मेष राशि में गोचरस्थ रहेंगे और सूर्य के साथ युति संबंध बनाएंगे। बृहस्पति व सूर्य मेष राशि पर 12 वर्ष बाद आ रहे हैं। इस दृष्टि से यह गुरु आदित्य योग 12 वर्ष में बन रहा है। यह एक विशेष प्रकार की धार्मिक और आध्यात्मिक स्थिति है। क्योंकि सूर्य और गुरु दोनों धर्म के कारक ग्रह हैं। इससे धर्म के प्रचार प्रसार की स्थिति बनेगी। आध्यात्मिक और वैज्ञानिक दृष्टि से लोग परम शक्ति को समझने का प्रयास करेंगे।

### मनोकामना अनुसार रामनवमी से वर्षभर करें यह पाठ

**-श्री राम मंगल शासनम- नेतृत्व क्षमता प्राप्त होगी।**
**श्री राम स्तुति- भक्ति का अनुभव होगा।**
**श्री रमाष्टकम- समस्त प्रकार के संकट समाप्त होंगे।**
**श्री राम स्तवन- शारीरिक कष्ट से मुक्ति मिलेगी।**
**रामायण जी का बालकांड- संतान सुख की प्राप्ति होगी।**
**सुंदरकांड- ग्रहों की पीड़ा से मुक्ति मिलेगी, संकट समाप्त होंगे।**
**उत्तर रामायण का पारायण- पारिवारिक सुख शांति प्राप्त होगी।**
**नव्हान पारायण- ज्ञान, भक्ति, वैराग्य व आध्यात्मिकता प्राप्त होगी।**

## आज होगी नगर में आंशिक जलापूर्ति

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** विगत कुछ दिनों से दोपहर बाद प्राकृतिक प्रकोप आंधी तूफान एवं बरसात का मौसम होने के कारण पेयजल उच्च दाब विद्युत प्रवाह 33 केवी मेन लाइन फाल्ट हो जाने के कारण विद्युत प्रवाह दिनांक 15.04.2024 को बंद होने से बंडोल फिल्टर प्लांट एवं बाबरिया प्लांट में पानी आना बंद हो गया है। इस कारण नगर की उच्च स्तरीय टंकियां से जुड़े क्षेत्रों में दिनांक 16.04.2024 को आंशिक जलापूर्ति की जावेगी। अतः नागरिकों से अपील है कि आप अपने घरों में पानी एकत्रित कर रखें, तथा होने वाली असुविधा के लिए नगर पालिका सिवनी खेद व्यक्त करती है। विद्युत मरम्मत कार्य जारी है।

## नगर पालिका द्वारा दलसागर तालाब एवं मठ तालाब में बनाये गये जवारे विसर्जन घाट

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि चैत्र नवरात्रि 2024 के उपलक्ष्य में सिवनी नगर पालिका द्वारा नगर के 02 स्थानों दलसागर तालाब एवं मठ तालाब में विसर्जन घाट बनाये गये है। अतः नागरिकगण दिनांक दिनांक 16 अप्रैल एवं 17 अप्रैल 2024 को उक्त दोनो स्थानों पर जवारें का विसर्जन कर सकतें है।

# 35 वर्षीय युवकों ने घर में फंदे पर लटककर की आत्महत्या

**धनौरा के उमरपानी गांव में रात एक युवक ने घर में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस का कहना है कि स्वजनों के अनुसार कर्ज था और वह पत्नी से भी परेशान रहता था। शायद इसी वजह से उसने यह कदम उठाया होगा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार उमरपानी निवासी रमन उइके (35) ने रात में अपने कमरे में फांसी लगा ली। जब स्वजनों को आवाज आई तो वह फंदे में लटका था। स्वजन उसे तत्काल धनौरा अस्पताल लाए जहां डाक्टर ने रमन को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि रमन की पत्नी मायके में रहती है। उसका ढाई साल का एक बेटा है। रमन पेशे से मजदूरी करता था। पुलिस ने शव का पोस्ट मार्टम कराकर स्वजनों को सौंप दिया है। बंडोल थाना अंतर्गत परासिया गांव में एक व्यक्ति ने अपने घर पर फंदे पर लटककर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि शिवहरी पुत्र लालचंद पवार (40) रात में परिवार के लोगों के साथ खाना खाकर सो गया। सुबह स्वजनों की नींद खुली तो देखा कि शिवहरी का शव फंदे पर लटका था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। शिवहरी ने फांसी क्यों लगाई इसका पता नहीं चला है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

### खाना बनाने में देरी पर पत्नी को पीटा

एक पति ने अपनी पत्नी को खाना बनाने में हुई देरी को लेकर पीट दिया। मामला उगली थाना अंतर्गत खामी गांव का है। पुलिस के अनुसार प्रतिमा राउत घर में खाना बना रही थी, तभी उसका पति श्रीपत राउत आया और खाना मांगा तो पत्नी ने थोड़ा रूकने की बात कही। इसी बात को लेकर राउत ने अपनी पत्नी के साथ बुरी तरह से मारपीट कर दी थी।

# स्वच्छता को मुंह चिढ़ा रही सिस्टम की बदहाली

## शहर में सफाई व्यवस्था का फिर से कचरा होने लगा

**शहर में सफाई व्यवस्था का एक बार फिर से कचरा होने लगा है। आचार संहिता लगते ही अमला अब छुट्टी के मूड में आ गया है। यही कारण है कि जनता के काम लगभग बंद से हो गए हैं।**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

कई इलाकों में मान-मनोव्वल करने के बाद भी झाड़ू नहीं लग रही है, तो कई जगहों पर कचरे के ठिये फिर से नजर आने लगे हैं। शहर में डोर-टू-डोर कलेक्शन के लिए टिपर वाहन लगे हैं और इनके संचालन के लिए वार्ड वार रूट भी बने हुए हैं, लेकिन वाहन तय रूट पर दौड़ ही नहीं रहे हैं। इन वाहनों द्वारा रूट उल्लंघन की रिपोर्ट प्रतिदिन बनाकर तैयार भी की जाती है, लेकिन इस रिपोर्ट पर जिम्मेदार निगाह भी नहीं डालते हैं। यही कारण है कि करोड़ों रुपये खर्च कर बनाई व्यवस्था दिखावा साबित हो रही है। एक तरफ नपा ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की तैयारियां शुरू कर दी हैं, तो दूसरी तरफ निचला अमला फिर से गड़बड़ियां शुरू कर चुका है। कई इलाकों में फिर से कचरे के ढेर पनपने लगे हैं। यह स्थिति तब है, जबकि पिछले सर्वेक्षण में नपा को रैंकिंग का फायदा हुआ था। इसके अलावा शहर के विभिन्न वार्डों से कचरे के ढेर खत्म किए गए थे, लेकिन स्थितियां फिर से ढाक के तीन पात वाली होने लगी हैं। इसका कारण यह है कि टिपर वाहन अपने तय रूट पर नहीं चल रहे हैं। कई जगहों पर टिपर वाहन सिर्फ मुख्य मार्गों का कचरा उठाने का काम करते हैं। वे घरों तक जाकर कचरा लेते ही नहीं हैं। शहर में अधिकतर जगहों पर मल्टी स्टोरी बिल्डिंग बन चुकी हैं, जहां से ये टिपर वाहन कचरा लेते ही नहीं हैं। यही कारण है कि शहर में कचरे के ढेर नजर आते हैं। प्रमुख कालोनियों में झाड़ू भी नहीं लगती है। जो गाड़ियां वार्डों में चल रही हैं, वे भी सिर्फ खानापूर्ति ही कर रही हैं। ये गाड़ियां सिर्फ डीजल की खपत को दर्शाने के लिए क्षेत्र से कचरा कलेक्शन का दिखावा करती हैं। ऐसा एक दो नहीं, बल्कि कई वाहनों के साथ में था। ऐसे में इन वाहनों को वापस लौटाकर पूरा भरकर आने के लिए कहा गया। यह गड़बड़ी एक दिन पकड़ में आने के बाद भी निगरानी की कोई सटीक व्यवस्था नहीं बनी। नतीजा यह है कि फिर से गाड़ियां आधी क्षमता से ही पहुंच रही हैं।

**खास बातें**

रोज आने वाली रिपोर्ट ठंडे बस्ते में,
मान-मनोव्वल करने के बाद भी कई जगह झाड़ू नहीं लग रही
कई जगहों पर फिर से नजर आने लगे हैं कचरे के ठिये
स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की तैयारी के साथ गड़बड़ियां भी शुरू हुईं

# बिना जांच के दौड़ रहे वाहन, छोड़ रहे जहरीला धुआं, नहीं हो रही कार्यवाही

**शहर सहित जिले भर की सड़कों पर पुराने मॉडल के चार पहिया, लोडिंग वाहन व दोपहिया वाहन दौड़ लगा रहे हैं। आरटीओ सामान्य दिनों में ध्वनि प्रदूषण की जांच नहीं होती है। जिले में प्रदूषण बोर्ड का न कार्यालय है न अधिकारी। इसलिए इसकी कोई व्यवस्था भी नहीं है। इस ओर आम लोग भी सजग नहीं हैं। प्रेशन हॉर्न बजाते हुए ट्रक और बस गुजर जाते हैं। आम लोग थोड़ी देर के लिए मुंह बनाते हैं, फिर अपने काम में व्यस्त हो जाते हैं।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

शहर सहित अंचल में सड़कों पर दौड़ रहे पुराने व कंडम वाहनों से निकलने वाले धुएं से हवा तेजी से जहरीली हो रही है। वहीं दूसरी तरफ वाहनों में लगे प्रेशर हार्न लोगों सेहत बिगाड़ रहे हैं। हालत यह है, कि इस ओर न तो जिला परिवहन विभाग ध्यान दे रहा है और न ही यातायात पुलिस। इस बात का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है, बता दें, कि वाहनों के धुएं से निकलने वाली कार्बन डाई ऑक्साइड, सल्फर डाइऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड जैसी घातक गैस जैसे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक कण हवा में जहर घोलने का कार्य कर रहे हैं। गंभीर बात यह है कि हवा को विषाक्त बना रहे कंडम वाहनों पर रोक लगाने के लिए आरटीओ, ट्रैफिक पुलिस गंभीर नहीं है।

वाहन की बिना जांच किए ही फर्जी सर्टिफिकेट जारी किए जा रहे हैं। शहर में आरटीओ कार्यालय में प्रदूषण जांच केंद्र संचालित हो रहा है। लेकिन यहां वाहनों की जांच किए बिना ही प्रदूषण प्रमाण पत्र जारी किया जा रहा है। बता दें कि अगर पॉल्यूशन सर्टिफिकेट नहीं होता है तो वाहन को स्वस्थता प्रमाण पत्र जारी नहीं हो सकता है, लेकिन अब पॉल्यूशन सेंटर परिवहन विभाग के नियम कानूनों को धुएं में उड़ा रहे हैं। धुएं का गुबार फेंकते वाहनों को भी पॉल्यूशन सर्टिफिकेट जारी कर रहे हैं।



### प्रेशर हार्न भी बन रहे हैं परेशानी

कंडम वाहन तो शहर की सड़कों पर चलने वाले वाहन इन दिनों आमजन की सेहत से खिलवाड़ कर रहे हैं। प्रेशर हार्न को स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह माना गया है, इसलिए प्रतिबंध लगा है। लेकिन जिले में यह रोक प्रभावी नहीं है। बसों, ट्रकों, कार एवं बाइक में लगे प्रेशर हार्न के कारण सड़क के किनारे खड़ा होना मुश्किल हो गया है। नियमानुसार शहर के भीड़भाड़ और शांत क्षेत्र में प्रेशर हॉर्न बजाने पर प्रतिबंध है। लेकिन यहां चालकों को नियम कानून से कोई मतलब नहीं है।

# सर्जिकल वार्ड में अज्ञात महिला की मौत

**जिला चिकित्सालय सिवनी के सर्जिकल वार्ड में घायल महिला को भर्ती किया गया था जहां उसकी मृत्यु सोमवार को हो गई।**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

इस मामले में पुलिस ने बताया कि महिला अज्ञात है। उक्त 35 वर्षीय मृतक अज्ञात महिला के विषय में जो कोई भी जानकारी रखता हो इसकी जानकारी कोतवाली पुलिस, पुलिस चौकी, पुलिस कंट्रोल रूम में देने की बाद पुलिस प्रशासन ने कही है।

# मानव श्रृंखला के माध्यम से मतदान की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

लोकसभा निर्वाचन 2024 मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत जिले में शत प्रतिशत मतदान के उद्देश से सरस्वती शिशु मंदिर कान्हीवाड़ा में मानव श्रृंखला के माध्यम से मतदान की अपील की गयी साथ ही भैया दीदी द्वारा रंगोली कार्यक्रम और पोस्टर प्रतियोगिता करके लोकसभा निर्वाचन मे शत प्रतिशत मतदान हेतु आम नागरिकों से मतदान की अपील की गई छोटे बच्चों के द्वारा मतदान के महत्व को समझाते हुए स्लोगन एवं रंगोली प्रतियोगिता और पोस्टर प्रतियोगिता के माध्यम से अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की गई और मतदान के लिए प्रोत्साहित किया गया इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के सहसचिव देवेंद्र ठाकुर, प्रधानाचार्य सुरेंद्र झरिया एवं समस्त स्टाफ और छात्राएं उपस्थित रहे।



# जैतपुरकला के सायलोबेग से शुरू हुई खरीदी, तो सुनवारा वेयर हाउस में लापरवाही

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जनपद पंचायत धनोरा अंतर्गत ग्राम पंचायत सुनवारा में एक वेयर हाउस में खरीदी कार्य अधिकारियों से साठगांठ कर व्यापक स्तर की लापरवाही बरते हुए कार्य किया जा रहा है। जिसकी शिकायत में सामने आ रही हैं। नए वेयर हाउस में फर्श भी बारिश के चलते काफी गील है और यहां ट्रैक्टर से सीधे खरीद कर वेयरहाउस में रखा जा रहा है। साथ ही सैंपल के नाम पर 7 किलो अनाज निकाला जा रहा है। जिसके चलते एक क्विंटल में 1400 ग्राम ज्यादा अनाज लिया जा रहा है। यहां जिस स्व. सहायता समूह से खरीदी किया रहा है वह पूर्व में डिफॉल्टर भी घोषित हो चुका है। गीले फर्श के कारण अनाज खराब होने का भी संदेश बना हुआ है। इस मामले में सुनवारा व आसपास के गांव के कुछ किसानों ने सूक्ष्म जांच कर कार्यवाही की मांग की है। जनपद पंचायत सिवनी अंतर्गत जैतपुरकलां सायलो बैग में रविवार को खरीदी प्रारंभ शुरू की गई। जैतपुरकला में खरीदी प्रारंभ किए जाने से किसानों में प्रसन्नता व्याप्त है।

# खुलेआम उड़ाई जा रही हैं स्वच्छता अभियान की धज्जियां

### ग्राम पंचायत सकोला के ज़िम्मेदारों का कारनामा



**कोतमा।** जनपद पंचायत अनूपपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत सकोला में ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों के द्वारा खुलेआम स्वच्छता अभियान की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। ग्राम पंचायत के द्वारा ग्राम से निकलने वाले कचरे को फेकनें के लिए गांव के अंदर दो जगह ठाकुर बाबा एवं दुर्गा मंदिर के पास कचरा घर बनाया गया है और ग्रामीणों को यह निर्देश दिया गया था कि घरों से निकलने वाले कचरे को इसी स्थान पर फेंकना है। लेकिन वर्तमान में दोनों ही कचरा घरों में कचरा भर गया है और उसे उठाने की फुर्सत ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों के पास नहीं है। वही ग्रामीणों के द्वारा गांव के अंदर कई जगह अलग से कचरा फेंका जा रहा है जिसके कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यहां तक की जिस जगह ग्राम पंचायत के द्वारा कचरा घर बनवाया गया है उसी के पास ही लोगों की आस्था का केंद्र ठाकुर बाबा एवं दुर्गा मंदिर है एवं देवी चौरा है जिसके कारण कचरे की दुर्गंध मंदिर तक जाती है कई बार ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत के सरपंच एवं सचिव को कचरा उठाकर बाहर फि कवाने के लिए कहा गया लेकिन सरपंच सचिव द्वारा ईधर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जबकि शासन का निर्देश है कि ग्राम पंचायत के अंदर यदि कचरा घर बनवाया गया है तो उस कचरे को उठाकर बाहर फि कवाने की जवाबदारी ग्राम पंचायत के की है। ग्राम पंचायत को कचरा वाहन भी दिया गया है लेकिन उसे वहां से कचरा का उठाव ग्राम पंचायत के द्वारा नहीं करवाया जा रहा है ग्रामीणों का कहना है कि कचरा गाड़ी मिली जरूर है ग्राम पंचायत को लेकिन पता नहीं है कि वह कहां है और किस हालत में है।

### खा रहे मूक जानवर

कचरा घर सहित आसपास घरों से निकलने वाले कचरे का अंबार लग गया है उसे कचरे में प्लास्टिक की पन्नियां भी है जिसे मूख जानवर अपना आहार बना रहे हैं। प्लास्टिक की पन्नियों को खाकर पशु बीमार भी हो रहे हैं ग्रामीणों का कहना है कि इससे जानवरों की जान भी जा सकती है। लेकिन ग्राम पंचायत को इससे कोई लेना-देना नहीं है।

### हेल्पलाइन में भी की शिकायत

ग्राम पंचायत सकोला के निवासी जितेंद्र साहू के द्वारा दो माह से सरपंच एवं सचिव को कचरा घर से कचरा का उठाव करवा कर बाहर फेंकने के लिए कहा जा रहा है लेकिन सरपंच सचिव ध्यान नहीं दे रहे थे जिस कारण से वह परेशान होकर मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में शिकायत भी कर चुका है। शिकायत होने के बाद ग्राम पंचायत के द्वारा तीन चार ट्रॉली कचरा उठाकर फि कवाया जरूर गया है लेकिन आज भी जगह-जगह कचरा का अंबार लगा हुआ है कचरा घर भी कचरे से पटा हुआ है। ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर से इस ओर कार्यवाही करवाने की मांग की है।

## नरसिंहपुर को हराकर फायनल में पहुंची सिवनी

# एकांश तिव्हन ने बनाया 74 रन भुनेश परिमल को मिले 5 विकेट

**अंडर-13 इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टुर्नामेंट में सिवनी की टीम के खिलाडियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए नरसिंहपुर टीम को हराकर फायनल में प्रवेश किया। जबलपुर में चल रही प्रतियोगिता में सिवनी की टीम ने 48 ओवरों में 10 विकेट खोकर 182 रन बनाए थे**





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिसमें सिवनी टीम की तरफ से एकांश तिव्हन ने 78 गेंद ने 74 रनों का योगदान दिया जबकि रूशील खेड़ीकर ने 46 गेंद में 34 रन बनाए। नरसिंहपुर की तरफ से संजोग ने 5 विकेट लिए। जवाबी पारी खेलने आई नरसिंहपुर की टीम 39 ओवरों में 10 विकेट खोकर 87 रन ही बना पाए। नरसिंहपुर की तरफ से सचिन ने 45 रन बनाए जबकि वैदिक ने 13 रन बनाए। सिवनी टीम की तरफ से घातक गेंदबाजी करते हुए भुनेश परिमल ने 08 ओवरों में 15 रन देकर 05 विकेट झटके जबकि रूशील खेडीकर ने 12 ओवरों में 36 रन देकर 03 विकेट झटके व देवदत्त माना ठाकुर ने 03 ओवरों में 15 रन देकर 2 विकेट झटके। इस तरह सिवनी की टीम ने 95 रन और एक इनिंग से जीत मिली। नरसिहंपुर की टीम को हराकर सिवनी की टीम ने फायनल में प्रवेश किया।

## खबर संक्षेप

### दिलीप भैरम को किया जिला बदर

**बालाघाट।** कलेक्टर व जिला दण्डाधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने आरोपी दिलीप भैरम को मप्र राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5(क)(ख) के अंतर्गत जिला बदर करने के आदेश जारी किये है। पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन और अपराधिक रिकार्ड की सूची तथा अन्य दस्तावेजों का सुक्ष्म परीक्षण करने के पश्चात आदेश जारी किये गए है। जारी आदेशानुसार दिलीप भैरम पिता शिवराम भैरम जाति पंवार उम्र 41 वर्ष निवासी वार्ड न.02 मशीनटोला, गर्रा थाना वारासिवनी की समाज विरोधी अपराधिक कृत्य एवं अपराधिक गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से नियंत्रण करने के उद्देश्य से कार्यवाही की गई है। आदेश के तहत आरोपी जिले की सीमाओं के भीतर नही रहेंगा और न ही प्रवेश करेंगा। आदेश का उल्लंघन करने पर अधिनियम की धारा-14 के अंतर्गत कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। जिला बदर का आदेश 1 वर्ष तक की अवधि के लिए तत्काल प्रभावशील किया गया है।

### लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत जिले में शुष्क दिवस घोषित

**बालाघाट।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर कलेक्टर व जिला दंडाधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने जिले की समस्त विधानसभाओं में शुष्क दिवस घोषित किया है। शुष्क दिवस 17 अप्रैल की रात्रि से 19 अप्रैल मतदान समाप्ति तक जिले में शुष्क दिवस लागू रहेगा। वहीं 4 जून मतगणना के दिन भी जिले की समस्त विधानसभाओ में शुष्क दिवस घोषित किया गया है।

### स्टैंडिंग कमेटी की बैठक के उपरांत होगी प्रेसवार्ता

**बालाघाट।** लोकसभा निर्वाचन 2024 की मतदान तैयारियों के संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय स्टेंडिंग कमेटी की बैठक मंगलवार को प्रातः 11 बजे कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। वहीं बैठक उपरांत 11:30 बजे बैठक उपरांत प्रेस कांफ्रेंस रखी गई है। समस्त मीडियाकर्मियों से प्रेस कांफ्रेंस में उपस्थित होने की अपील की गई है।

### सूचना

**बालाघाट।** संचार प्रतिनिधियों के निर्वाचन आयोग से जारी होने वाले प्राधिकार पत्र प्राप्त हो गए है। जिन संचार प्रतिनिधियों ने 16 फरवरी 24 को अपने फोटो, परिचय पत्र, आधार और पीआरओ लेटर जमा किये थे। वे संचार प्रतिनिधि 16 अप्रैल से कार्यालयीन समय में प्राधिकार पत्र प्राप्त कर सकते है।

### ऐतिहासिक महत्व के स्थलों पर स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन

**बालाघाट।** मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत मतदाता थीम पर ऐतिहासिक महत्व के स्थलों पर स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार सुबह 7 बजे पुरातत्व संग्रहालय में किया जाना है।

## नक्सल प्रभावित क्षेत्र में तैनाती पर दिया गया प्रशिक्षण

# सुरक्षाबलों के अधिकारियों की बैठक : चुनाव के लिए बालाघाट को मिली 50 कंपनी

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**



सोमवार को सीएपीएफ के मिली कंपनी की नक्सली क्षेत्र में तैनाती को लेकर पुलिस ऑब्जर्वर की उपस्थिति में पुलिस कंट्रोल रूप में एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें पुलिस महानिरीक्षक संजय कुमार, पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ के अलावा सुरक्षाबलों की कंपनियों के अधिकारी उपस्थित थे। इसमें नक्सल प्रभावित क्षेत्र में तैनाती को लेकर अपनाई जाने वाली सुरक्षा, सतर्कता के बारे में विशेष रूप से प्रशिक्षित किया गया।

लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में आगामी 19 अप्रैल को संसदीय क्षेत्र बालाघाट-सिवनी में मतदान कराया जाएगा। पूरे संसदीय क्षेत्र में लगभग 2 हजार 321 बूथ हैं, जिसमें बालाघाट जिले की 6 विधानसभा में 1 हजार 675 मतदान केन्द्रों में लगभग 300 मतदान केन्द्र नक्सली मूवमेंट की वजह से संवेदनशील है।

बैहर, परसवाड़ा और लांजी के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान एक बड़ी चुनौती है। हालांकि यहां मतदान को लेकर चुनाव आयोग ने सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक वोटिंग के निर्देश दिए हैं।

चुनाव को लेकर बालाघाट पुलिस को मिली 50 कंपनियों में सी ए पी ए फ , आ ई टी बी पी , बीएसएफ, मणिपुर एसएफ की 100-100 जवानों की कंपनियां मिली है। इसके अलावा जिले में नक्सली उन्मूलन में लगे हॉकफोर्स, सीआरपीएफ, कोबरा और पुलिस बल के हजारों जवान यहां तैनात है। जिससे पुलिस का मानना है कि इन कंपनियों के अलावा और भी कंपनी मिलने की उम्मीद है, जिससे एक अच्छा फोर्स चुनाव के दृष्टिकोण से बालाघाट को मिलेगा।

एसपी समीर सौरभ ने बताया कि जिले में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आगामी 19 अप्रैल को होने वाले मतदान को लेकर बालाघाट पुलिस को मिली सीएपीएफ के नक्सली क्षेत्र में तैनाती को लेकर बेसिक जानकारी देने और जवानों को किन-किन बातों का ध्यान रखकर एरिया डॉमिनेशन करना है। इसके बारे में प्रशिक्षित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नक्सली क्षेत्र में संवेदनशीलता के आधार पर किसी मतदान केन्द्र में सीएपीएफ का फुल सेक्शन और किसी जगह हॉफ सेक्शन की तैनाती की जाएगी।

लोकसभा चुनाव के मतदान को लेकर पीएचक्यु के निर्देश पर मिली कंपनियों के जवानों को तैनात किया जाएगा। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि नक्सली क्षेत्र में मतदान की चुनौती है और बीते दिनो में हुए नक्सली एनकाउंटर के बाद, नक्सली किसी गतिविधि को अंजाम देंगे।

इससे इंकार नहीं किया जा सकता है, लेकिन हमारा बल पूरी तरह से सतर्क है और लगातार नक्सली क्षेत्र के जंगलो में सर्चिंग जारी है। उन्होंने बताया कि चुनाव में मतदान को लेकर हमें 50 सुरक्षाबलों की कंपनी मिली है, दो से चार और कंपनियां आ सकती है। एक कंपनी में 100 का बल रहता है। हम लगातार लोगों को आश्वस्त कर रहे है कि सुरक्षा के माहौल में बिना किसी भय और निष्पक्षता के साथ मतदाता, मतदान करें, उनके सुरक्षा की जिम्मेदारी पुलिस की है।

नक्सली क्षेत्र में किसी भी घटना को लेकर मेडिकल सुविधा को लेकर विगत दिनों हमारी बैठक एसडीएम और एसडीओपी के साथ हो चुकी है। जिले में 2321 मतदान केन्द्रों पर करेंगे 18 लाख से ज्यादा मतदाता बालाघाट-सिवनी निर्वाचन क्षेत्र में 2321 मतदान केंद्र बनाये गए हैं, जिसमें 18 लाख 71 हजार 270 मतदाता मतदान करेंगे।

इसमें 9 लाख 29 हजार 434 पुरुष और 9 लाख 41 हजार 821 महिला और 15 थर्ड जेंडर मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। पूरे लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में 2 हजार 37 सर्विस वोटर्स, 68.85 ईपी रेसियों, 1 हजार 14.21 जेंडर रेसियों, 15 हजरा 402 दिव्यांग मतदाता और 6 हजार 112 मतदाता 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता हैं।

## शासकीय महाविद्यालय लामता में डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर जी का 134वी जयंती मनाई गई

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**



शासकीय महाविद्यालय लामता में आज दिनांक को प्राचार्य मैडम सुनीता वैध के अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया था ,कार्यक्रम के आरंभ में सविधान के रचयिता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया । इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्राचार्या डॉ सुनीता वैध , श्री मति चित्रमाला भीमटे ,सहायक प्राध्यापक समाजशास्त्र ,डॉ राजीव सिंह बघेल ,डॉक्टर भरत लाल तिवारी ,डॉक्टर ढाल सिंह गौतम ने समानता के अधिकारी एवं संविधान के विषय पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया , इस कार्यक्रम में डॉक्टर डुलेश्वरी टेंभरे सहायक अध्यापक राजनीति शास्त्र ,श्रीमती राजेश्वरी त्रिपाठी, डॉ वंदना दीक्षित, डॉक्टर अर्चना सतनामी, डॉक्टर विभूति उदय, डॉक्टर नेहा सिंह ,श्री विजेंद्र तरुने श्री कृष्णा सिंह, डॉक्टर महेश प्रसाद ,डॉक्टर अशोक कुमार, निरंजन राहंगडाले ,भेरो सिंह, राजदेशमुख डॉक्टर यादवेंद्र पटेल, यशवंत बिसेन, वामेंद्र पटेल, श्रीमती झामिया बाई एवं महाविद्यालयीन छात्र छात्राएं व समस्त स्टॉप की उपस्थिति सराहनी रहा । इस कार्यक्रम का सफल संचालन श्री प्रवेश यादव क्रीड़ा अधिकारी प्रवेश यादव द्वारा किया गया।

## एक बच्ची घायल, तीन दिन में एक्सीडेंट की दूसरी बड़ी घटना

# रामपायली में कार की टक्कर से युवक की मौत

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**



शुक्रवार को ही सड़क हादसे में मालवाहक वाहन की टक्कर से युवती की मौत की घटना को एक दिन बीता ही था कि रविवार को अमई रोड पर फिर एक बेलगाम कार की टक्कर से युवक की मौत हो गई। फिलहाल घटना के बाद पुलिस ने कार को बरामद कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

बताया जाता है कि डोके निवासी युवक सचिन पिता बुधनलाल उईके, घर में पारिवारिक कार्यक्रम के चलते बाइक से अपनी चाची को लेने चिखलाबांध जा रहा था, इस दौरान ही बोनकट्टा तरफ से आ रही कार क्रमांक एमएच 40 एसी 8222 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए युवक की बाइक को टक्कर मार दी। जिससे युवक के बाइक सहित नीचे गिरने से उसके सिर पर गंभीर चोटे आने से उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। कार में सवार एक बच्ची के भी घायल होने की खबर है। फिलहाल घटना की जानकारी के बाद रामपायली पुलिस ने युवक के शव को घटनास्थल से पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया है।

रामपायली थाना क्षेत्र में तीन दिनों यह दूसरी बड़ी वारदात हैं। जिसमें युवक ने सड़क हादसे में दम तोड़ दिया। इससे पूर्व बीते शुक्रवार को नवेगांव-कोथुरना के बीच मालवाहक वाहन की टक्कर से बकोड़ी पंचायत के आकुटोला निवासी 19 वर्षीय रानु पिता यादोराव पंचेश्वर की मौत हो गई थी।

## कल होगा अतिरिक्त ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपीएटी के द्वितीय सप्लीमेंट्री का रेंडमाईजेशन

**बालाघाट।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के आदेशानुसार विधानसभा क्षेत्र क्र. 114-बरघाट एवं 115-सिवनी की अतिरिक्त ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपीएटी मशीनों का 17 अप्रैल को दोपहर 12 बजे से द्वितीय सप्लीमेंट्री रेंडमाईजेशन कार्यालय रिटर्निंग अधिकारी 15-बालाघाट, कलेक्ट्रेड के प्रथम तल में स्थित वीसी कक्ष में किया जायेगा। जिसके लिये राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और अभ्यर्थियों को भी पत्र के माध्यम से सूचित किया गया। साथ ही निर्धारित समय पर कार्यालय में उपस्थित होने की अपील की गई है।

## वोकल फार लोकल : भारती पारधी ने कुम्हार साथी संग बनाए मिट्टी के उत्पाद

**बालाघाट।** भाजपा लोकसभा प्रत्याशी भारती पारधी ने बरघाट क्षेत्र में गांव-गांव जन-जन संपर्क के दौरान पचधार, खवासा में मिट्टी के उत्पाद बनाते हुए एक माटी पुत्र, कुम्हार साथी के निज निवास जाकर उनसे भेंट की। उनके काम में हाथ बटाया। उनके कामों को बारिकी से जाना। उनके अद्भुत कलाकारी के लिए उनका अभिवादन किया। उसे समय माटी कला के कलाकार की कलाकारी देखते ही बनी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संकल्पना वोकल फार लोकल, एक देश एक उत्पाद को अंगीकार करते हुए भारती पारधी ने उनसे माटी के बर्तन खरीदे। साथ ही आगामी समय में उनके कला और कौशल, कारोबार में भरपूर मदद देने का आश्वासन जताया। इस अवसर पर ग्रामीण जनों ने भारती पारधी की मिलनसारिता, मृदुभाषिता, साहस, सरल व्यक्तित्व की भूरी-भूरी प्रशंसा की। जो क्षेत्र में जन चर्चा का विषय बना हुआ है। वहीं भारती पारधी ने एक देश, एक उत्पाद के तहत स्थानीय स्तर पर निर्मित उत्पादों को अपनाने की गुजारिश की।

# मतदान केंद्र के बाहर ही रहेंगे गार्ड और मोबाईल, प्रेक्षकों ने सर्तकता बरतने के दिये संकेत

### अब तक बनी योजनाओं को अमल में लाने का समय आ गया

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा और एसपी श्री समीर सौरभ ने सोमवार को संयुक्त रूप से एसडीएम, एसडीओपी, तहसीलदार और थाना प्रभारियों के साथ बैठक की। बैठक में कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. मिश्रा ने कहा कि सभी इस बात को अच्छे से समझे और इसका पालन कराएं, मतदान केंद्र के भीतर कोई भी गार्ड और मोबाइल नही रहेगा। चाहे कलेक्टर व एसपी के गार्ड हो वो भी मतदान केंद्र के बाहर ही होंगे। निर्वाचन प्रेक्षकों ने सतर्कता बरतने के संकेत दिए है। इश्लिये हमें अतिरिक्त रूप से तैयार रहना है। चाहे वो जल्द वोटिंग कराने का मामला हो या बसों को समय पूर्व पहुँचाने की बात हो। इसके अलावा ईवीएम मशीनों के रखरखाव व समय पर मतदान केंद्र में आवश्यक होने पर रिजर्व मशीन पहुँचाने की बात हो। हर लिहाज से हमें तैयारी रखनी होगी। कलेक्टर व डीईओ डॉ. मिश्रा ने कहा कि गत दिवस सचिवों के साथ हुई बैठक में स्लो वोटिंग के कई कारण सामने आए है। उन बिंदुओं पर कहीं भी गलती नही करनी है। 58 नक्सल मतदान केंद्रों के अलावा 7 अलग से एक्स्ट्रा अलर्ट वाले केंद्र बने है। इस बार मतदान केंद्रों पर विशेष मेडिकल किट उपलब्ध रहेगा। जो आकस्मिक रूप से घटना होने पर उपयोगी होगा। साथ ही इस बार मेडिकल सेक्टर, नोडल, अस्पताल नोडल अधिकारी बनाए गए है। इन सब की सूचियां भी सचिवों तक को दी गई है। संचार प्लान कही भी ब्रेक नही होना चाहिए। बैठक में एएसपी श्री विजय डावर, उपजिला निर्वाचन अधिकारी श्री केसी ठाकुर और समस्त अनुभागों का अमला उपस्थित रहा।

17 तक प्लान पर एक्सरसाइज करें, 18 से अमल में लाने का समय

एसपी श्री सौरभ ने कहा कि अब तक जो भी प्लान बनाये गए है। चाहे वो सुरक्षा व्यवस्था के हो या जल्द मतदान कराने के हो या अन्य उस पर एक्सरसाइज करने का यही समय है इसके बाद 18 अप्रैल से अमल में लाया जाना है। अपने-अपने संचार व्यवस्थाओं लो दुरुस्त कर लेंवे। वाहनों में सभी तरह की सामग्रियां रखें। किसी भी स्थान पर आवश्यकता पड़ने पर तुरंत एक्शन लिया जा सके।

## आम जनता भाजपा के झुठे वादों में न आये आपना बहुमुल्य वोट एक अच्छी सरकार बनाने में दे : सम्राट सरस्वार



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट-सिवनी संसदीय क्षेत्र क्रमांक 15 के कांग्रेस पार्टी के उमीदवार सम्राट अशोक सिंह सरस्वार के समर्थन में कांग्रेस एकजुट रहकर जगह-जगह नुक्कड़ सभा एवं जनसपर्क के माध्यम से जनता से उनका आशीर्वाद और समर्थन वक्ताओं द्वारा मांगा जा रहा है। मतदान की तिथि निकट आते देख कांग्रेस ने भी अपनी सक्रियता को गति प्रदान कर दी है। उमीदवार सम्राट सरस्वार भी कांग्रेस नेताओं के साथ सीधे से सपर्क कर अपनी बात रख रहे है। 15 अप्रैल को परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम झारा खेड़ा, खुरमुंडी, सलघट, टिकरिया, टेण्डवा, सीताडोंगरी, झांगुल, छपारा, हर्राभाट, टाटीघाट, कुमादेही, शैला, जामुनटोला, सरेखा, सुरवाही, खैरलांजी, चदिगां, मझगांव, तिरगांव, कोरजा, ढेमा, पोंगारझोडी, सिलगी, खरपडिया, सुकडी, उडदना सहित अनेक स्थानों पर जाकर सम्राट सरस्वार व उनकी टीम ने लोगों से संपर्क किया। परसवाड़ा विधायक के साथ विभिन्न ग्रामों की बैठकें लेकर उन्होने कांग्रेस के लिये आर्शिवाद मांगा।

**सम्राट सरस्वार का मुल उद्देश्य गरीबो की सेवा करना :** इस दौरान जिला पंचायत सदस्य तामेश्वर पटले ने कहा कि सम्राट सरस्वार के दादा स्व. राणा हनुमान सिंह ने जिले किसान के उत्थान के लिये अरबो की 130 एकड़ जमीन दान में दे दी। जहां किरनापुर में स्थित बडग़ांव में 42 एकड़ जमीन पर श्री राम भगवान का मंदिर बनवाया है। उन्होने आगे कहा कि सम्राट सरस्वार का मुल उद्देश्य गरीबो की सेवा करना है। श्री सरस्वार ने जिला पंचायत अध्यक्ष के पद पर रहते हुए १ रूपये का भ्रष्टाचार नही किया है। श्री पटले ने कहा कि अब हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम ऐसे आदमी को चुने जो बेदाग हो, जिसकी पूरी पूंजी आमजना हो, अब समय आ गया है की हमारे सभी बूथ में कार्य करने वाले कार्यकर्ता आमजनों को मतदान केन्द्र तक ले जाये और अपने मतों का सही उपयोग करे।

**भाजपा सरकार बनी तो, संविधान से होगा खिलवाड़:** इस दौरान परसवाड़ा विधायक मधु भगत ने कहा कि हमें भाजपा की सरकार बनने से रोकना है अगर उनकी सरकार बनती है तो सबसे पहले भाजपा सरकार संविधान से खिलवाड़ करेगी। इंदिरा गांधी द्वारा जो जमीन संविधान के तहत सुरक्षित की है उसे भी छिन ले लेगी भाजपा सरकार। आपके सभी अधिकारी छिन लेगी। उन्होने आमजनों से अपने आरक्षण बचाने की अपील करते हुए अपने मताधिकार का सही उपयोग कर अधिक से अधिक मतदान करने की बात कही।ताकि देश में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार खत्म हो सके।

## सामग्री देने से लेकर मतदान वापसी तक प्लान पर एआरओ के साथ प्लान पर चर्चा

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने सोमवार को जिला पंचायत सभागृह में 6 विधानसभाओ के एआरओ, कम्युनिकेशन प्लान के नोडल और तहसीलदारों के साथ बैठक की। बैठक में मुख्य रूप से 18 अप्रैल को मतदान दलों को प्रदाय की जाने वाली सामग्री से लेकर 19 अप्रैल को मतदान पश्चात सामग्री प्राप्त करने की रूपरेखा पर विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने विधानसभा वार एआरओ से उनके कम्युनिकेशन प्लान, सेक्टर अधिकारियों से संचार, प्रत्येक 2 घंटे में दी जाने वाले जानकारी, ईवीएम खराब होने के बाद बदलने की स्थिति आदि मुख्य बिंदुओं पर जानकारी ली गई। उन्होंने हिदायत दी कि रिजर्व ईवीएम मशीन जो सेक्टर अधिकारियों और एआरओ के पास रहेगी वो सिर्फ जीपीएस लगे वाहनों में ही रहें। पूरे निर्वाचन के दौरान किसी भी सेक्टर अधिकारी का मोबाइल या अन्य वजह से कम्युनिकेशन ब्रेक नही होना चाहिए। सेक्टर अधिकारी हर समय राउंड पर रहे। गलतियों को गुंजाइश नही है। कहीं भी कुछ असामान्य लगता है तो तुरंत उन्हें अवगत कराएं। मेडिकल की सारी व्यवस्थाएं की है। किसी भी दुर्घटना से बचने के पूरे प्रयास किये गए है।

# स्वीप गतिविधियां जारी : उत्कृष्ट स्कूल में बनाई मानव श्रृंखला, 500 से अधिक महिलाओं ने दिया मतदान का संदेश

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

बालाघाट जिले में मतदाता जागरूकता को लेकर विभिन्न आयोजन किए जा रहे है। इसके तहत सोमवार को नगर के उत्कृष्ट विद्यालय में भव्य चलित मानव श्रृंखला बनाकर मतदान संदेश दिया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने लोगों को मतदान जागरूकता की शपथ दिलाई।

चलित मानव श्रृंखला में 4 लेयर में एनआरएलएम और महिला बाल विकास विभाग की महिलाएं तथा बाहरी लेयर में कॉलेज के विद्यार्थी और अधिकारी श्रृंखला बद्ध थे। इस चलित मानव श्रृंखला में 500 से अधिक महिलाएं और करीब 50 विद्यार्थी शामिल थे।

इस दौरान जिला पंचायत सीईओ डीएस रणदा, महिला बाल विकास विभाग के कार्यक्रम अधिकारी प्रशांत ठाकुर, जनपद सीईओ ममता कुलस्ते, जन अभियान परिषद के सुशील बर्मन, जिपं सीईओ नेत्रा उइके, विकास रघुवंशी, क्षेत्र प्रचार के अजय बैस और अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

मानव श्रृंखला से मतदाता जागरूकता संदेश देने के बाद रैली का आयोजन किया गया। रैली उत्कृष्ट विद्यालय से आम्बेडकर चौक से गोंदिया रोड होकर रैली वापस उत्कृष्ट विद्यालय पहुंची। जहां इसका समापन किया गया।




### मतदान समाप्ति तक जिले में बिना अनुमति के ध्वनि विस्ताकर यंत्र होंगे बाधित, कोलाहल अधिनियम 1958 के अंतर्गत दी जायेगी अनुमति

**बालाघाट।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 15-बालाघाट के प्रथम चरण के मतदान के 48 घंटे पूर्व 17 से 19 अप्रैल तक सांइलेट जोन की अवधि में संसदीय क्षेत्र में अधिक संख्या में विवाह कार्यक्रम आयोजित होने है। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के आदेशानुसार विवाह समारोह में बारात एवं ध्वनि विस्तारक यंत्रों की अनुमति मप्र कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1958 के अन्तर्गत दी जायेगी। साथ ही आदेश का उल्लंघन करने पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

# नगर व क्षेत्र में भक्ति भाव से मनाया जा रहा नवरात्रि पर्व

### मंदिरों में विधि विधान से हो रही मनोकामना ज्योति कलशों व जवारों पूजा अर्चना

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।**

हिंदू नव वर्ष के कैलेंडर अनुसार चैत्र नवरात्र पर्व का शुभारंभ 9 अप्रैल से प्रारंभ होकर 17 अप्रैल को समाप्त होने वाला हैं। हिंदी नव वर्ष का शुभारंभ होने के साथ-साथ माता जगत जननी के चैत्र नवरात्र महोत्सव की शुरुआत भी हो गई हैं। नगर एवं क्षेत्र के माता जी के मंदिरों में प्रबंधन समितियों द्वारा श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्थायें की गई हैं। वहीं इन मंदिरों में श्रद्धालुगण प्रतिदिन माता रानी की पूजा अर्चना करने के लिए जा रहे हैं।

चैत्र नवरात्रि पर्व को श्रद्धापूर्वक धूमधाम से मनाने के लिए स्थानीय बड़ा श्रीराम मंदिर, श्री दुर्गा मंदिर, शीतला माता मंदिर, लालबर्रा मार्ग पर स्थित गायत्री मंदिर, वारा में मध्यप्रदेश विद्युत मंडल में स्थित मॉ दुर्गा मंदिर एवं काली माता मंदिर में मनोकामना ज्योति कलश व जवारों का विधि विधान के साथ पूजन कर स्थापना की गई हैं। इन सभी मंदिरों को विद्युत की झालरों से सजाया गया और श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्थाएँ की गई हैं। जहाँ पर प्रतिदिन पुजारियों व श्रद्धालुओं द्वारा माता रानी की पूजा अर्चना की जा रही हैं। अष्टमी के दिन मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना की जायेगी और 17 अप्रैल को रामनवमी के दिन पूजा अर्चना के बाद मनोकामना कलश व जवारों का विसर्जन किया जायेगा। ग्राम पंचायत रामपायली में प्रसिद्ध भगवान श्रीराम बालाजी के मंदिर में मनोकामना कलश व जवारे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर रखे गये हैं।

